

Director
Mr. VIPIN JAIN SIR
(The Symbol of Trust)

Since 2011

# 9 April 2022

# MARVELLOUS

## (A Result Oriented Institute)

An Institute for Civil services Examination

Daily Current Affairs Booster

Follow us on

# Daily Current Affairs

UPSC | MPPSC | NTA NET | MP-SI


Ground Floor, Opposite Puma Showroom, Tower Square, Indore (M.P.)
Helpline & 9981983777, 8817983777, 0731-4370330
Website : marvellousinstitute.com

## 9 अप्रैल का इतिहास

- **1669 :** मुगल साम्राज्य का बादशाह औरंगजेब ने सभी हिन्दु स्कूलों और मंदिरों को ध्वस्त करने का आदेश दिया।
- **1965 :** भारतीय और पाकिस्तान की सेना के बीच कच्छ के रण में लड़ाई छिड़ी।
- **2011 :** अन्ना हजारे को भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के लिए एक करोड़ रूपये के आईआईपीएम रवीन्द्रनाथ टैगोर अंतर्राष्ट्रीय शांति पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गई।
- **1948 :** भारतीय अभिनेत्री जया बच्चन का जन्म हुआ।

## 9 अप्रैल से संबंधित करेंट अफेयर्स

- उत्तर प्रदेश के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूल चलो अभियान शुरू किया है।
- भारतीय स्टेट बैंक ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस वेतन पैकेज योजना के माध्यम से बीएसएफ कर्मियो को वित्तीय सुरक्षा समाधान प्रदान करने के लिए सीमा सुरक्षा बल के साथ समझौता ज्ञापन किया है। एमओयु सेवारत सुरक्षा बलों, सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ-साथ पारिवारिक पेंशनभोगियों को कई तरह के लाभ प्रदान करेगा। इनमें मानार्थ व्यक्तिगत और हवाई दुर्घटना बीमा कवर, ऑन-ड्यूटी मृत्यु के मामले में अतिरिक्त कवर, और स्थायी पूर्ण विकलांगता/आंशिक विकलांगता कवर, बाल शिक्षा में सहायता और मृत बीएसएफ कर्मियों की बालिकाओं की शादी सहित अन्य लाभ शामिल हो सकते है।
- वाइस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे थल सेनाध्याक्ष बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, क्योंकि मौजूदा सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे जिन्हें चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद के लिए सबसे आगे के रूप में देखा जा रहा है, इस महीने के अंत तक सेवानिवृत्त होने वाले हैं। जनरल नरवने के बाद कार्यालय में सबसे वरिष्ठ होने के नाते, लेफ्टिनेंट जनरल पांडे शासन संभालेंगे।
- जागरूकता शुभंकर प्रकृति एवं केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की विभिन्न हरित पहलों का शुभारंभ किया गया। इनका मकसद है-प्रभावी प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए छोटे बदलावों के प्रति जनता को जागरूक करना। और बेहतर पर्यावरण के लिए जीवन शैली में स्थायी रूप से अपनाना। इस दौरान स्वच्छ भारत हरित भारत हरित संकल्प भी लिया गया।
- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव की उपस्थिति में बेहतर पर्यावरण के लिए हमारी जीवन शैली में किए जा सकने वाले छोटे बदलावों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए शुभंकर प्रकृति का शुभारंभ किया गया। साथ ही देश में प्रभावी प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विभिन्न हरित पहल शुरू की गई है।
- भारत सरकार ने IFS विनय मोहन क्वात्रा को भारत का नया विदेश सचिव नियुक्त किया है। वह वर्तमान में मार्च 2020 से नेपाल में भारत के दूत के रूप में कार्यरत हैं। वह वर्तमान विदेश सचिव, हर्षवर्धन श्रृंगला का स्थान लेंगे, जो 30 अप्रैल, 2022 को सेवानिवृत्त होंगे।
- संसद ने दिल्ली नगर निगम विधेयक पारित किया। दिल्ली के मौजूदा 3 नगर निगमों को दिल्ली के एक नगर निगम में एकीकृत किया जाएगा।
- केंद्र सरकार ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा विदेश संबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित दुष्प्रचार फैलाने हेतु पाकिस्तान स्थित 4 यू-ट्यूब समाचार चैनलों सहित 22 यू-ट्यूब चैनलों को ब्लॉक कर दिया है। इसमें तीन ट्विटर अकाउंट, एक फेसबुक अकाउंट और एक न्यूज वेबसाइट भी ब्लॉक की गई है।
- लद्दाख में क्षेत्र के समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए जिले के ग्या-ससोमा गांवों में एक सामुदायिक संग्रहालय खोला गया। लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद लेह के अध्यक्ष ताशी ग्याल्टसन ने सामुदायिक संग्रहालय का उद्घाटन किया। पारंपरिक उपयोगितावादी सामान, फैब्रिक्स, कपड़े और ग्या-ससोमा के रोज के जीवन की कलाकृतियां संग्रहालय के मुख्य आकर्षण हैं।
- स्टैंड अप इंडिया योजना ने अपने छह साल पूरे कर लिए है। 2016 में योजना की शुरूआत के बाद से इस साल 21 मार्च तक स्टैंड अप इंडिया योजना के तहत कुल 30,160 करोड़ रूपये के ऋण मंजूर किए गए है। यह योजना एक ऐसा ईको-सिस्टम बनाने का प्रयास करती है जो व्यवसाय करने के लिए एक सहायक वातावरण प्रदान करता है।
- केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान ने बिरसा मुंडा जनजाति नायक नामक पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक को प्रोफेसर आलोक चक्रवात कुलपति, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा लिखा गया है। यह पुस्तक भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष और स्वतंत्रता आंदोलन में वनवासियों के योगदान को सामने लाने का एक व्यापक प्रयास है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. CRPF (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) शौर्य दिवस किस दिन मनाया जाता है ?**

(A) 7 अप्रैल (B) 9 अप्रैल
(C) 10 अप्रैल (D) 11 अप्रैल

**(B)** CRPF शौर्य दिवस 9 अप्रैल को मनाया जाता है। CRPF की एक छोटी टुकड़ी ने 9 अप्रैल 1965 को पाकिस्तान के खिलाफ कच्छ के रण में 34 पाकिस्तानी सैनिकों का सफाया किया था। इस लड़ाई के दौरान सीआरपीएफ के छह जवानों ने अपनी जान गवां दी है। इन बहादूर सैनिकों को श्रृद्धाजंलि देने के लिए शौर्य दिवस को हर साल चिन्हित किया जाता है।




**2. चमेली देवी जैन पुरस्कार 2021 किसे दिया गया ?**

(A) आरिफा जौहरी (B) मनीषा खन्ना
(C) कोमल गुप्ता (D) नीना शर्मा

**(A)** मुंबई की एक पत्रकार आरिफा जौहरी को एक उत्कृष्ट महिला मीडियाकर्मी 2021 के लिए चमेली देवी जैन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मीडिया फाउंडेशन ने इसकी घोषणा की। आरिफा जौहरी, मुंबई, महाराष्ट्र में स्क्रॉल इन के लिए काम करती हैं। 2020 में नीतू सिंह को ये अवॉर्ड मिला था। वह Goan Connection मीडिया हाउस से जुड़ी है।



**3. हाल ही में किस सरकार ने सरकारी स्कूलों में हॉबी हब स्थापित करने की योजना शुरू की ?**

(A) ओडिशा (B) दिल्ली
(C) पंजाब (D) उत्तर प्रदेश

**(B)** हाल ही में दिल्ली सरकार ने सरकारी स्कूलों में हॉबी हब स्थापित करने की योजना शुरू की है। यह प्रोजेक्ट सिंगल शिफ्ट सरकारी स्कूल में लागू होगा। इस नए शैक्षणिक सत्र के दौरान स्कूल के बाद के नृत्य, संगीत कला और शिल्प गतिविधियों के साथ दिल्ली के सरकारी स्कूलों में हॉबी हब स्थापित करने की एक परियोजना पर काम चल रहा है।



**4. हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में वैश्विक संप्रभु ऋण लगभग कितने प्रतिशत बढ़ने की संभावना है ?**

(A) 5 प्रतिशत (B) 6.1 प्रतिशत
(C) 8.7 प्रतिशत (D) 10 प्रतिशत

**(D)** हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में वैश्विक संप्रभु ऋण (Global Sovereign Debt) लगभग 10% बढ़ने की संभावना है। यह रिपोर्ट अग्रणी वैश्विक सक्रिय एसेट मैनेजमेंट फर्म जेनस हेंडरसन ग्रुप द्वारा जारी की गई है। इसके अनुसार 2021 में वैश्विक सरकारी कर्ज बढ़कर 65.4 ट्रिलियन डॉलर हो गया। जोकि जनवरी 2020 में 52.2 ट्रिलियन डॉलर था।



**5. मार्च 2022 भारत सरकार ने जीएसटी के रूप में कितने लाख करोड़ रूपये का सर्वकालिक उच्च संग्रह किया ?**

(A) 1.10 लाख करोड़ रूपये (B) 1.22 लाख करोड़ रूपये
(C) 1.42 लाख करोड़ रूपये (D) 1.62 लाख करोड़ रूपये

**(C)** मार्च में अब तक का सबसे बड़ा जीएसटी संग्रह किया गया था, जो अर्थव्यवस्था के लिए बहुत अच्छा है। माल और सेवा कर संग्रह कुल 1,42,095 करोड़ रूपये रहा है, जो जनवरी 2022 में निर्धारित 1,40,986 करोड़ रूपये के पिछले उच्च स्तर को तोड़ रहा है। मार्च 2022 का राजस्व पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 15% अधिक और मार्च 2020 के राजस्व से 46% अधिक है।



**6. भारतीय रिजर्व बैंक ने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए WMA की सीमा कितने रूपये तय की ?**

(A) 47,010 करोड़ (B) 52,010 करोड़
(C) 75,020 करोड़ (D) 82,110 करोड़

**(A)** रिजर्व बैंक ने आर्थिक परिदृश्य में सुधार का हवाला देते हुए राज्यों ओर केंद्र शासित प्रदेशों के लिए वेज और मीन्स एडवांस को 51,560 करोड़ रूपये से घटाकर 47,010 करोड़ रूपये कर दिया है। वेज और मीन्स एडवांस आरबीआई द्वारा सरकार को प्राप्तियों और भुगतानों के बीच किसी भी विसंगति से निपटने में मदद करने के लिए प्रदान किए गए अल्पकालिक ऋण है।




**7. हाल ही में मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने आंध्र प्रदेश में कितने जिलों का उद्धघाटन किया ?**

(A) 10 (B) 13
(C) 15 (D) 18

**(B)** हाल ही में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने गुंटूर जिले के ताडेपल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए राज्य के 13 नए जिलों का उद्धघाटन किया। नतीजतन, राज्य में कुल 26 जिले होंगे। एक गाइड के रूप में संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों का उपयोग करके नए जिले बनाए गए थे। 13 नए जिलों के जुड़ने के साथ आंध्र प्रदेश में अब कुल 26 जिले हो गए है।



**8. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूल चलो अभियान को किस जिले से शुरू किया है ?**

(A) प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) (B) श्रावस्ती (उत्तर प्रदेश)
(C) अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) (D) आगरा (उत्तर प्रदेश)

**(B)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए श्रावस्ती जिले से स्कूल चलो अभियान को शुरू किया है। उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में सबसे कम साक्षरता दर है। इस अभियान का उद्देश्य श्रावस्ती के साथ प्रदेश के अन्य पिछड़े जिलों को साक्षरता की मुख्यधारा में लाने का है।




**9. हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने तमिलनाडु में वन्नियाकुला क्षत्रिय समुदाय के लिये कितने प्रतिशत आंतरिक आरक्षण को रद्द कर दिया है ?**

(A) 10.5 प्रतिशत (B) 11.5 प्रतिशत
(C) 13.5 प्रतिशत (D) 15.5 प्रतिशत

**(A)** सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि वन्नियाकुला क्षत्रिय समुदाय को 10.5 प्रतिशत आंतरिक आरक्षण समानता, गैर-भेदभाव और तमिलनाडु में 115 अन्य अति पिछड़े समुदायों तथा विमुक्त समुदायों के समान अवसर के मौलिक अधिकारों का उल्लघंन करता है। राज्य में अति पिछड़ा वर्ग के कुल 20 प्रतिशत के कोटे के भीतर एक समुदाय को 10.5 अन्य समुदायों को केवल 9.5 प्रतिशत कोटा देने का कोई विशिष्ट एवं पर्याप्त आधार नहीं है।



**10. सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों कौनसा राज्य शीर्ष स्थान पर रहा है ?**

(A) बिहार (B) हरियाणा
(C) मिजोरम (D) छत्तीसगढ़

**(D)** सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ 0.6 प्रतिशत बेरोजगारी दर के साथ भारत में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में शीर्ष स्थान पर रहा है। वहीं सबसे अधिक बेरोजगारी दर के मामले में हरियाणा 26.7 प्रतिशत बेरोजगारी दर के साथ प्रथम स्थान पर है, ओर CMIE द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में कुल बेरोजगारी दर 7.5 प्रतिशत है।



# MARVELLOUS
## INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES
### (A RESULT ORIENTED INSTITUTE )

Since 2011

MPPSC की तैयारी के लिए VIPIN सर ही क्यों ?





**Director :-**
**MR. VIPIN JAIN SIR**
**(The Symbol of Trust)**

MSC Mathematics
MPA Public Administration , NET
MPH Philosophy (Gold Medalist) , NET
MPS Political Science , NET Qualified
MSO Sociology
MHD Hindi Literature Etc

**Opposite Puma showroom, Tower Square, Indore**
**CONTACT :- 9981983777, 8817983777**